Roll No : ....

Total No. of Questions : **11**]   [Total No. of Printed Pages : **3**

EDE–408

B.A. B.Ed. (IVth Year) Examination, 2021

Paper – II (CC–1)

SANSKRIT

Time : 1½ Hours]   [*Maximum Marks : **60***

खण्ड–अ   **(अंक : 2 × 8 = 16)**

नोट :– सभी **आठ** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **50** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **2** अंक का है।

खण्ड–ब   **(अंक : 4 × 5 = 20)**

नोट :– सभी **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न में विकल्प का चयन कीजिए (उत्तर-सीमा **200** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **4** अंक का है।

खण्ड–स   **(अंक : 8 × 3 = 24)**

नोट :– पाँच में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **500** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **8** अंक का है।

खण्ड–अ   प्रत्येक 2

1. (i) भाषायी कुशलता क्या है ?

   (ii) संस्कृत-शिक्षण के प्रमुख उद्देश्य बताइए।

   (iii) दृश्य-श्रव्य सामग्री का महत्त्व बताइए।

(iv) अनुवाद कौशल के **पाँच** उद्देश्य बताइए।

(v) उच्चारण-शिक्षण की क्या आवश्यकता है ?

(vi) नवीं कक्षा में रचना-शिक्षण कराने में प्रयुक्त सोपान कौन-कौनसे हैं ?

(vii) संस्कृत-शिक्षण में पाठ-योजना का क्या महत्त्व है ?

(viii) द्रुत पठन क्या है ?

खण्ड–ब प्रत्येक 4

2. संस्कृत-शिक्षण में वर्तनी दोष को सोदाहरण समझाइए।

अथवा

व्याकरण का विषय विद्यार्थियों को शुष्क एवं नीरस क्यों लगता है ? इसे सरस बनाने के लिए आप व्याकरण-शिक्षण की कौनसी विधि का उपयोग करेंगे और क्यों ?

3. संस्कृत भाषा-शिक्षण का महत्त्व एवं उपयोगिता की विवेचना कीजिए।

अथवा

संस्कृत-शिक्षण की प्रमुख विधियों को बताते हुए आगमन-निगमन विधि को विस्तार से बताइए।

4. नाटक-शिक्षण की सर्वोत्तम विधि कौनसी है ? समझाइए।

अथवा

संस्कृत-शिक्षण में उच्चारण एवं वर्तनी सम्बन्धी अशुद्धियों को किस प्रकार दूर किया जा सकता है ?

5. संस्कृत भाषा-शिक्षण के सामान्य सिद्धान्तों का उल्लेख कीजिए।

अथवा

प्रश्नों के विभिन्न प्रकार बताते हुए वस्तुनिष्ठ एवं निबन्धात्मक प्रश्नों के गुण-दोष की विवेचना कीजिए।

6. संस्कृत वर्णों की पाठ्यपुस्तक के निर्माण में किन बातों को ध्यान में रखना आवश्यक है ?

अथवा

संस्कृत वर्णों की पाठ्यपुस्तक एवं परीक्षण पुस्तक का मूल्यांकन कीजिए।

खण्ड–स प्रत्येक 8

7. संस्कृत गद्य–शिक्षण, संस्कृत पद्य–शिक्षण के उद्देश्यों, प्रस्तुतीकरण तथा मूल्यांकन की दृष्टि से भिन्न होता है। कैसे ? उपयुक्त उदाहरणों से कथन की विवेचना कीजिए।

8. संस्कृत व्याकरण–शिक्षण की कक्षा 7 के विद्यार्थियों के लिए 40 मिनट की एक पाठ–योजना का निर्माण कीजिए।

9. संस्कृत–शिक्षण को प्रभावी एवं आकर्षक बनाने हेतु आप कौन–कौनसी शिक्षण सहायक सामग्री का प्रयोग कर सकते हैं ? प्रमुख दृश्य-श्रव्य सामग्री का वर्णन कीजिए।

10. किसी एक इकाई के लिए 50 अंकों के प्रश्न–पत्र का निर्माण करके नील–पत्र की रूपरेखा बनाइए।

11. संस्कृत–शिक्षण में मूल्यांकन के महत्त्व को स्पष्ट कीजिए। पाठान्तर्गत एवं पाठोपरान्त प्रश्नों के अंतर को उपयुक्त उदाहरणों द्वारा स्पष्ट कीजिए।